**समाचार**

# नगर निगम ने जारी किए क्यू.आर.कोड

कोरबा 15 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम के सभी जोन व फील्ड के अधिकारी कर्मचारियों, राजस्व निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों को क्यू.आर. कोड जारी किया गया है। संबंधित जोन के अधिकारी व फील्ड के कर्मचारियों को नकद राशि के रूप में अर्थदण्ड की राशि जमा न करके, सीधे आनलाईन पेमेंट के माध्यम से लिए जाने वाले सभी प्रकार के अर्थदण्डों के लिए क्यू.आर. कोड जारी किया गया, जिसके द्वारा पेंमेंट किया जा सकता है। आमनागरिकों की सुविधा व डिजिटल कार्यो को बढ़ावा देने हेतु इस प्रक्रिया के माध्यम से आनलाईन पेंमेंट कर सीधे निगम के कोष में राशि को जमा किया जा सकता है।